के0सी0सी0 लोन लेकर परवल की खेती कर बने सफल किसान

किसान का नाम	- गायत्री सिंह सरदार
पति	- रतन सिंह
ग्राम	- आगुईडांगरा
पंचायत	- पटमदा
प्रखण्ड	- पटमदा
जिला	- पूर्वी सिंहभूम
मोबाइल नं0	- 6201824624

जिले के सब्जी उत्पादक क्षेत्र के रूप में प्रसिद्ध पटमदा प्रखण्ड के अनेकों किसान सब्जी उत्पादन कर अपनी जीविका चला रहे है। उन्हीं में से एक शिक्षित महिला किसान गायत्री सिंह सरदार अपने मेहनत के बल पर आज खेती–किसानी में सफल हो रही है। पटमदा प्रखण्ड के आगुईडांगरा गांव की महिला किसान गायत्री सिंह की आर्थिक स्थिति पहले उतनी अच्छी नहीं थी जीवनयापन सामान्य तरीके से चल रही है। गायत्री सिंह और उनके पति दोनों ही दूसरे के खेत में मेहनत मजदूरी कर परिवार का पालन–पोषण करते रहे है।

आत्मा के सौजन्य से प्रायः प्रखण्ड स्तर पर कृषक गतिविधियों का क्रियान्वयन किया जाता है। इस दौरान गायत्री सिंह किसान गोष्ठी में भाग लेकर विभागीय योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। गायत्री सिंह सरदार आत्मा के प्रसार कर्मी के सहयोग से बैंक से किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से ऋण प्राप्त की । बैंक से लोन लेकर गायत्री ने 2 एकड़ खेत में टमाटर, बैंगन, साग, लौकी, बदांगोभी, फुलगोभी और खीरा लगाई। इस काम में उनके पति भी बराबर साथ देते रहे। सीजन में उनको लगभग 80 हजार से ज्यादा का कमाई हुआ है। गायत्री सिंह को 60 हजार रूपये का ऋण प्राप्त हुआ था जिसे वो हर माह चुकता कर रही है।